राविप्रौसंप NCSTC

बिहार सरकार

BCST

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, तारामंडल, पटना

द्वारा आयोजित

सर सी0वी0 रमन टैलेन्ट सर्च टेस्ट इन साईन्स – 2023

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस–2023 के अंतर्गत सर सी0वी0 रमन टैलेन्ट सर्च इन साईन्स–2023 कक्षा 07, 08 एवं 09 हेतु दिनांक–18, 19 एवं 22 फरवरी 2023 को आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम दिनांक–24.02.2023 को समय 05:00 बजे अप0 में बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, पटना (बी0सी0एस0टी0) के ऑफिसियल वेबसाईट (https://bcst.org.in/) एवं विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार की वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/dst/CitizenHome.html) पर घोषित किया जा चुका है तथा सूचि उपलब्ध है।
- राज्य स्तर पर कुल 10 छात्र/छात्राओं को लैपटॉप से सम्मानित किया जायेगा तथा जिला स्तर पर समेकित रूप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय कैम्पस, हार्डिंग रोड, पटना में दिनांक–28.02.2023 को सम्मानित किया जायेगा।
- राज्य/जिला स्तर पर सम्मानित किये जाने वाले सभी छात्र/छात्राएँ समय 09:30 बजे पूर्वा0 तक उक्त तिथि दिनांक–28.02.2023 को अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय कैम्पस, हार्डिंग रोड, पटना में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।
- राज्य स्तर पर सम्मानित किये जाने वाले प्रत्येक छात्र/छात्राओं को अपने एक अभिभावक के साथ कार्यक्रम स्थल पर आ सकते है, इस हेतु आने–जाने के प्रयोजनार्थ रू0–1,000/–(रूपये एक हजार मात्र) यात्रा व्यय, पुरस्कार राशि के अतिरिक्त दिया जायेगा।
- जिला स्तर पर प्रत्येक जिला के समेकित चतुर्थ से दसवें स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को जिला के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान में सम्मानित किया जायेगा। सम्मान केन्द्र का विवरण बी0सी0एस0टी0, पटना के ऑफिसियल वेबसाईट (https://bcst.org.in/) एवं विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार की वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/dst/CitizenHome.html) पर उपलब्ध करा दिया जायेगा। सम्मानित होने वाले छात्र/छात्राएँ दिनांक–28.02.2023 को 09:30 बजे पूर्वा0 तक अपने जिलान्तर्गत उक्त संस्थान में अपने एक अभिभावक के साथ आ सकते है।
- राज्य स्तर व जिला स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएँ अपने साथ अपने फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/स्कूल आई0डी0 कार्ड या अन्य कोई भी फोटो पहचान पत्र अथवा माता/पिता के फोटोयुक्त पहचान पत्र की छायाप्रति) एवं अपने Admit card/Hall ticket/Registration form की एक छायाप्रति अवश्य लाऐगें।
- पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के उपरान्त प्रतियोगिता परीक्षा में उपस्थित अन्य सभी छात्र/छात्राएँ अपना सहभागिता (Certificate of Participation) ई0–प्रमाण पत्र बी0सी0एस0टी0, पटना के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) से कार्यक्रम के उपरांत डाऊनलोड कर सकेंगे।

नोटः– विशेष जानकारी के लिए विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के ऑफिसियल वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/dst/CitizenHome.html) एवं बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, पटना के वेबसाईट, (https://bcst.org.in/) पर लॉग–इन करें।